>

Title: Need to construct a R.C.C. Bridge on Garhia, Ibrahimpur Ghats of Madhuban Block in East Champaran District of Sheohar Parliamentary Constituency in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र के पूर्वी चम्पारण जिला के मधुबन प्रखंड का गड़हिया, इब्राहिमपुर ग्राम आजादी के बाद भी आज तक विकास से उपेक्षित रहा है। यह बड़े ही आश्चर्य के साथ कहना पड़ रहा है कि आज भी यहां के लोग जिला मुख्यालय मोतीहारी तथा उत्तर बहार के मुख्य शहर मुजफ्फरपुर से अलग-थलग पड़ा हुआ है। यहां के लोगों को उपचार हेतु या फिर किसी भी कारण से शहर जाने के लिए लगभग 50 कि.मी. दूरी तय कर जाना पड़ता है। वर्षा के दिनों में तो स्थिति और भी बदतर हो जाती है। शहर से सड़क मार्ग अलग-थलग हो जाने के कारण समुचित उपचार के अभाव में कई जानें चली जाती हैं। यदि इस प्रखंड के इब्राहिमपुर घाट पर आर.सी.सी. बड़े पुल का निर्माण कर दिया जाता है तो यहां की लगभग 40,000 आबादी को काफी लाभ मिलेगा। उक्त पुल के निर्माण से गड़हिया, इब्राहिमपुर घाट से मेहसी प्रखंड की बड़ी आबादी, मुजफ्फरपुर जिला का साहेबगंज, शिवहर जिला, सवाईपट्टी व तेतरिया के साथ-साथ नेपाल से सीधे तौर पर जुड़ जाएंगी जिससे उक्त क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा। इस पुल के निर्माण के महत्व का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि यहां की आबादी बिहार की राजधानी पटना से भी जुड़ जाएगी जो यहां की विकास से महरूम जनता के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा।

अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मधुबन प्रखंड के गड़हिया, इब्राहिमपुर घाट पर एक आर.सी.सी. पुल का निर्माण कराया जाए जिससे यहां के लोगों को सुविधा मिलने के साथ-साथ उक्त क्षेत्र का भी विकास सम्भव हो सके।